## मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 19.12.2016 की अपरान्ह् 01.30 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) योजना के अन्तर्गत एस0एल0एस0एम0सी0 की बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न है।

निदेशक सूडा/मिशन निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 28.11.2016 को हुई समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम 25000 आवासों की डी0पी0आर0 शीघ्र ही भारत सरकार को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त के कम में प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत प्रथम चरण में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु 32 नगर निकायों की 10425 आवासों की तथा आवास विस्तार घटक हेतु 03 नगर निकायों की 861 आवासों की कुल 11286 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी हैं, जिन्हें राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति (एस0एल0ए0सी0) द्वारा दिनांक 16.12.2016 द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है।

विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नवत् निर्णय लिये गये :–

एजेण्डा बिन्दु सं0 1:–

**लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण एवं आवास विस्तार घटक हेतु कुल 11286 आवासों की डी0पी0आर0 की स्वीकृति पर विचार विमर्श।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत प्रथम चरण में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु 32 नगर निकायों की 10425 आवासों की तथा आवास विस्तार घटक हेतु 03 नगर निकायों की 861 आवासों की अर्थात कुल 11286 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत है:–

| क्र.सं. | जनपद का नाम | नगर निकाय | BLC(New) | BLC(E) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सन्त कबीर नगर | मगहर | 95 | 489 |
| 2. | सिद्धार्थ नगर | शोहरतगढ़ | 65 | 73 |
| 3. | महराजगंज | घुँघली | 501 | 299 |
| 4. | बुलन्दशहर | छतारी | 141 | 0 |
| 5. | बुलन्दशहर | बुगरासी | 285 | 0 |
| 6. | मुरादाबाद | उमरीकलां | 67 | 0 |
| 7. | मुरादाबाद | कुन्दरकी | 249 | 0 |
| 8. | मुरादाबाद | काँठ | 101 | 0 |
| 9. | अमरोहा | उझाँरी | 175 | 0 |
| 10. | अमरोहा | बछराँव | 117 | 0 |
| 11. | बांदा | तिन्दवारी | 243 | 0 |
| 12. | बांदा | बबेरू | 268 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | अम्बेडकर नगर | इल्तिफातगंज | 910 | 0 |
| 14. | कानपुर नगर | बिठूर | 258 | 0 |
| 15. | सोनभद्र | चुर्कगुर्मा | 357 | 0 |
| 16. | सन्त रविदास नगर | सूर्यावन | 506 | 0 |
| 17. | फतेहपुर | कोरा जहानाबाद | 413 | 0 |
| 18. | फतेहपुर | महुआ | 316 | 0 |
| 19. | झांसी | मोंठ | 277 | 0 |
| 20. | झांसी | रानीपुर | 574 | 0 |
| 21. | झांसी | कठेरा | 415 | 0 |
| 22. | ललितपुर | महरौनी | 411 | 0 |
| 23. | ललितपुर | पाली | 549 | 0 |
| 24. | सहारनपुर | सरसावा | 343 | 0 |
| 25. | सहारनपुर | रामपुर मनिहारन | 367 | 0 |
| 26. | कानपुर देहात | सिकन्दरा | 447 | 0 |
| 27. | गाजियाबाद | फरीद नगर | 92 | 0 |
| 28. | गाजियाबाद | निवारी | 98 | 0 |
| 29. | लखीमपुर खीरी | बरवार | 925 | 0 |
| 30. | सीतापुर | महोली | 602 | 0 |
| 31. | बदायूं | उसावन | 139 | 0 |
| 32. | आजमगढ़ | अजमतगढ़ | 119 | 0 |
| | | **कुल योग** | **10425** | **861** |

प्रधानमंत्री आवास योजना की गाइड लाइन्स के अनुसार उक्त घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए नये आवास हेतु अधिकतम 30 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्रावधान है, जिसकी अनुमानित लागत रू0 3.49 लाख है एवं आवास विस्तार के अन्तर्गत विद्यमान आवास में न्यूनतम कारपेट एरिया 9.00 वर्ग मी0 जोड़ा जायेगा, जिसमें एक लिविंग रूम या कमरे के साथ रसोईघर और/या बॉथरूम और/या शौचालय बनाया जायेगा। आवास विस्तार के पश्चात् आवास का कुल कारपेट एरिया 21 वर्ग मी0 से कम तथा 30 वर्ग मी0 से अधिक नहीं होना चाहिए।

नये आवास निर्माण के लिए रू0 1.50 लाख प्रति आवास केन्द्रांश के सापेक्ष राज्यांश के रूप में रु0 1.00 लाख प्रति आवास दिया जायेगा, शेष धनराशि लाभार्थी द्वारा अंशदान/श्रमदान के रूप में स्वयं वहन की जायेगी एवं आवास विस्तार के निर्माण के लिए वास्तविक लागत के आधार पर धनराशि देय होगी, जो कि अधिकतम रु0 2.50 लाख दी जायेगी, जिसमें रू0 1.50 लाख केन्द्रांश एवं रु0 1.00 लाख राज्यांश होगा।

कुल 11286 लाभार्थियों में से 2786 लाभार्थियों से आवास सम्बन्धी सहमति पत्र/भूमि सम्बन्धी प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उनके सहमति प्रपत्र प्राप्त करने के पश्चात् ही धनराशि निर्गत की जायेगी।

उपरोक्तानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण एवं आवास विस्तार की उक्त 32 परियोजनाओं पर विचारोपरान्त एस0एल0एस0एम0सी0 द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

अन्त में मुख्य सचिव महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निर्देशित किया गया कि उपरोक्त समस्त कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाये।

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव
नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग

उत्तर प्रदेश शासन
नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग
संख्या–2824/69-1-2016-14(235) 2015
लखनऊ : दिनांक : 19 दिसम्बर, 2016

## कार्यालय–आदेश

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है:–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
10. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0।
11. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश।
12. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तर प्रदेश।
13. संयोजक, राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, बैक ऑफ बड़ौदा।

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव